महिला दिवस पर विशेष ....

अनेक कानूनी संरक्षण फिर भी पीड़ित हैं महिलाएं

महिलाएं समान भागीदारी के साथ सम्मान चाहती हैं

गोपाल कृष्ण छिब्बर

देश के गणतंत्र के 75 वर्ष हो गए हैं। देश का विकास अवश्य हुआ है, परंतु सामाजिक क्षेत्र में समानता के अधिकार के मामले में आज भी हम पीछे ही हैं।

1961 में दहेज निषेध कानून बना, परंतु दहेज और दहेज हत्या आज भी यथावत हैं। घरेलू उत्पीड़न और हिंसा को रोकने के लिए घरेलू हिंसा रोकथाम अधिनियम 2005 बनाना पड़ा, फिर भी घरेलू हिंसा और उत्पीड़न जारी हैं। कामकाजी महिलाओं की सुरक्षा और संरक्षण के लिए कार्यस्थल पर महिलाकर्मियों के यौन उत्पीड़न रोकथाम अधिनियम 2013 बनाया गया, परंतु कार्यस्थलों पर भी कामकाजी महिलाएं यौन उत्पीड़न से प्रताड़ित हो रही हैं। इतना ही नहीं, पुरुषों और महिलाओं के वेतन में भी विभेद है। समान कार्य समान वेतन अधिनियम 1976 का भी उल्लंघन हो रहा है, जो चिंतन का विषय है।

यह भी विचारणीय विषय है कि क्या कठोर कानूनी प्रावधानों से ही महिलाओं के उत्पीड़न और शोषण को रोका जा सकता है, या इसके लिए सामाजिक जागरूकता और राजनीतिक इच्छाशक्ति भी आवश्यक है।

यह कहना भी गलत नहीं होगा कि महिलाओं में शिक्षा बढ़ी है, रोजगार बढ़ा है और भागीदारी बढ़ी है, परंतु इसका व्यक्तिगत लाभ महिलाओं को पूरी तरह नहीं मिल पाया है। उन्हें आर्थिक स्वतंत्रता नहीं मिली है। महिला श्रम का लाभ भी पुरुष प्रधान समाज ही उठा रहा है। कुछ महिलाएं सशक्त दिखती हैं, परंतु वास्तविकता में स्वतंत्र नहीं हैं। समानता के अधिकार का वास्तविक लाभ आज भी अधिकांश महिलाएं ले पाने में सक्षम नहीं हैं।

आधुनिक इंटरनेट और तकनीकी युग में महिलाओं की भूमिका बहुत बड़ी है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में महिलाओं के बढ़ते नियोजन ने यह प्रमाणित किया है कि वे पुरुषों से पीछे नहीं हैं। जो परिवार लड़कियों को शिक्षा और स्वतंत्रता दे रहे हैं तथा उन्हें बाहर भेजने का साहस कर रहे हैं, उन परिवारों की लड़कियां अच्छे वेतन पर उच्च पदों पर नियोजित हो रही हैं। इतना ही नहीं, सिविल सेवा में भी उनकी भागीदारी लगभग 35 प्रतिशत तक पहुंच रही है। 5 मार्च के परिणाम इसका प्रमाण हैं, जो भविष्य के लिए अच्छे संकेत तो हैं, परंतु देश में बढ़ते महिलाओं पर अत्याचार, यौन हिंसा और कामकाजी महिलाओं के उत्पीड़न पर नियंत्रण एक गंभीर चुनौती बना हुआ है।

राजनीति में केवल उन महिलाओं को प्रतिनिधित्व मिल रहा है जिनका परिवार पहले से राजनीति में है। सगे संबंधियों को ही प्राथमिकता दी जा रही है और केवल नेताओं के प्रति प्रतिबद्ध लोगों को ही पद दिए जाते हैं। प्रतिभावान और कर्मठ महिलाओं को अक्सर अनदेखा किया जाता है, जो लोकतंत्र का एक दुर्गुण है।

देश किसी भी आरक्षण से तब तक मजबूत नहीं होता, जब तक महिलाओं को समानता के अधिकार के साथ सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक स्वतंत्रता नहीं मिलती। महिला सशक्तिकरण का नारा तब तक बेमानी रहेगा। यह कहना भी गलत नहीं होगा कि महिलाएं अपने कानूनी अधिकारों का विधिवत सदुपयोग करें। कानूनी अधिकारों का दुरुपयोग समाज में अव्यवस्था और संघर्ष को जन्म देता है। इसलिए महिलाओं और पुरुषों दोनों को समन्वय के साथ काम करना होगा। महिलाएं केवल सम्मान के साथ जीना चाहती हैं।

एम्स में नेत्रदान से दो मरीजों को मिली नई दृष्टि

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल : अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में हॉस्पिटल कॉर्निया रिट्रीवल प्रोग्राम के तहत हुए नेत्रदान से दो मरीजों के जीवन में नई रोशनी आई है। संस्थान के नेत्र बैंक और नेत्र रोग विभाग की टीम ने सफल प्रत्यारोपण कर दोनों मरीजों को फिर से देखने की क्षमता प्रदान की।

एम्स के कार्यपालक निदेशक एवं सीईओ माधवानन्द कर के नेतृत्व में चल रहे इस कार्यक्रम के तहत यह सफलता हासिल की गई। डॉक्टरों के अनुसार यह उपलब्धि नेत्रदानकर्ताओं के अमूल्य सहयोग और विशेषज्ञ चिकित्सा टीम के समर्पण का परिणाम है। पहला मामला 51 वर्षीय मरीज का है, जिसने छह वर्ष पहले गिटार के तार से लगी चोट के कारण अपनी आंख की पुतली खो दी थी। पहले से ही एक आंख से कम दिखाई देने के कारण दूसरी आंख में चोट लगने के बाद उसकी जिंदगी बेहद कठिन हो गई थी। वह अपने

परिवार के साथ त्योहारों की खुशियां भी ठीक से नहीं देख पाता था। नेत्र रोग विभाग ने उसका सफल पुतली प्रत्यारोपण किया, जिसके बाद इस वर्ष वह अपने परिवार के साथ होली के रंगों का आनंद ले सका।

दूसरा मामला 63 वर्षीय मरीज का है, जो द्विपक्षीय अंधता से पीड़ित था और उसकी दोनों आंखें सफेद हो चुकी थीं। नेत्रदान के माध्यम से कॉर्निया प्रत्यारोपण कर उसे भी नई दृष्टि मिली। पहली बार रंगों को देखकर उसकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। एम्स ने नागरिकों से अपील की है कि वे नेत्रदान के महत्व को समझें और इस मानवीय कार्य से जुड़कर दूसरों के जीवन में रोशनी लाने का संकल्प लें।

रवि किशन ने कपिल शो में सुनाए भोजपुरी सिनेमा के मजेदार किस्से

नईदुनिया ब्यूरो, मुंबई : नेटफ्लिक्स के लोकप्रिय कॉमेडी कार्यक्रम 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में अभिनेता रवि किशन ने अपने खास अंदाज़ से दर्शकों को खूब हंसाया। शो के दौरान उन्होंने भोजपुरी सिनेमा के शुरुआती दिनों की कई मजेदार यादें साझा कीं।

कपिल शर्मा ने जब मनोज तिवारी, निरहुआ और पवन सिंह वाले पिछले एपिसोड का ज़िक्र किया तो रवि किशन ने

मजाकिया अंदाज़ में कहा कि 'इन्हें चलना मैंने सिखाया, ब्लैक कॉफी पीना मैंने सिखाया, ये सभी मेरे जूनियर्स हैं।' उनकी इस बात पर मंच पर मौजूद सभी लोग हंस पड़े।

रवि किशन ने बनारस घाट पर फिल्म 'कन्यादान' की शूटिंग से जुड़ा एक मजेदार किस्सा भी सुनाया। शो में सुनील ग्रोवर, कृष्णा अभिषेक और किकू शारदा ने अपने किरदारों से माहौल को और भी मनोरंजक बना दिया।

डीएसपी सर्वे: महिलाएं तेजी से ले रहीं स्वतंत्र निवेश फैसले

नईदुनिया ब्यूरो, मुंबई : डीएसपी म्यूचुअल फंड और यूगॉव के संयुक्त सर्वे 'डीएसपी विन्वेस्टर पल्स 2025-26' में सामने आया है कि भारत में महिलाएं तेजी से स्वतंत्र निवेश निर्णय लेने लगी हैं।

13 शहरों के 5,050 शहरी निवेशकों पर आधारित अध्ययन के अनुसार 56प्रतिशत महिलाएं अब खुद निवेश निर्णय लेती हैं, जबकि 2022 में यह आंकड़ा 44प्रतिशत था। पुरुषों में यह अनुपात 68प्रतिशत है।

सर्वे में यह भी पाया गया कि 84 प्रतिशत निवेशक खुद को निवेश के फैसलों में आत्मविश्वासी मानते हैं, लेकिन केवल 33प्रतिशत के पास स्पष्ट वित्तीय लक्ष्य और संरचित योजना है। लगभग 48प्रतिशत लोग वित्तीय स्वतंत्रता और सुरक्षा के लिए निवेश करते हैं।

डीएसपी म्यूचुअल फंड की अध्यक्ष अदिति कोठारी देसाई ने कहा कि भारतीय महिलाएं अब निवेश में भागीदारी से आगे बढ़कर स्वामित्व की ओर बढ़ रही हैं।

प्रयागराज-हडपसर के बीच साप्ताहिक विशेष ट्रेन चलेगी

नप्र, भोपाल: यात्रियों की बढ़ती भीड़ को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने प्रयागराज और हडपसर के बीच साप्ताहिक विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन भोपाल मंडल से होकर गुजरेगी और निर्धारित तिथियों में कुल 16-16 फेरों के लिए संचालित की जाएगी। गाड़ी संख्या 04107 प्रयागराज-हडपसर विशेष प्रत्येक बुधवार को 1 अप्रैल से 15 जुलाई तक प्रयागराज से प्रस्थान करेगी। वहीं गाड़ी संख्या 04108 हडपसर-प्रयागराज विशेष प्रत्येक गुरुवार को 2 अप्रैल से 16 जुलाई तक हडपसर से रवाना होगी।

कार्यालय नगर पालिका परिषद दमोह, जिला-दमोह (म.प्र.)
स्टेशन रोड, जिला दमोह (म.प्र.) 470661
फोन नम्बर 07812-222068 E-mail:-cmodamoh@mpurban.gov.in
क्र./न.पा./PMAY/2026/4046 दमोह, दिनाँक 07/03/2026

संशोधित सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका परिषद दमोह के निकाय क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 (बी.एल.सी.) अंतर्गत वर्तमान समय तक सर्वे उपरांत 49 पात्र हितग्राहियों की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। जिनकी सूची कार्यालय कलेक्टर, कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं निकाय के सूचना पटल पर चस्पा की गई है। उक्त हितग्राहियों के पात्र किये जाने के संबंध में दावा/आपत्ति दिनांक 06/03/2026 से 13/03/2026 (7 दिवस) तक कार्यालयीन समय में निकाय में आमंत्रित किये गये है। अतः उक्त हितग्राहियों के संबंध में किसी भी प्रकार की आपत्ति है, तो वह अपनी दावा/आपत्ति निर्धारित समय-सीमा में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समय-सीमा पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद दमोह

पश्चिम मध्य रेल
वाणिज्य विभाग, जबलपुर मंडल
मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल जबलपुर, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित हेतु निर्धारित ई-बोली आमंत्रित करता है।
कार्य का प्रकार: खानपान, **कैटलॉग क्र.:** JBP-C-Catg-26-2

GMU Catering units:-

स्टेशन	लॉट क्र.	यूनिट क्र.	ऑक्शन समाप्त होने की तिथि एवं समय
करेली	Catg-JBP-KY-GMU-299-25-1	KY-CS-4	23.03.2026 11:30 hrs
करेली	Catg-JBP-KY-GMU-300-25-1	KY-CS-6	23.03.2026 11:40 hrs
सिहोरा रोड	Catg-JBP-SHR-GMU-302-26-1	SHR-CS-5	23.03.2026 11:50 hrs
बांदकपुर	Catg-JBP-BNU-GMU-304-26-1	BNU-CS-2	23.03.2026 12:00 hrs
बांदकपुर	Catg-JBP-BNU-GMU-308-26-2	BNU-CS-3	23.03.2026 12:10 hrs
खुरई	Catg-JBP-KYE-GMU-306-26-1	KYE-CS-5	23.03.2026 12:20 hrs

SMU Catering units:-

स्टेशन	लॉट क्र.	यूनिट क्र.	ऑक्शन समाप्त होने की तिथि एवं समय
जबलपुर	Catg-JBP-JBP-SMU-1-25-2	JBP-CS-16	23.03.2026 12:30 hrs
जबलपुर	Catg-JBP-JBP-SMU-200-25-2	JBP-CS-20 (SC Women)	23.03.2026 12:40 hrs
कटनी	Catg-JBP-KTE-SMU-221-25-2	KTE-CS-14 (SC Women)	23.03.2026 12:50 hrs
कटनी	Catg-JBP-KTE-SMU-198-25-2	KTE-CS-10 (OBC)	23.03.2026 13:00 hrs
बांदकपुर	Catg-JBP-BNU-SMU-303-26-1	BNU-CS-5	23.03.2026 13:10 hrs
बीना मालखेड़ी	Catg-JBP-MAKR-SMU-307-26-1	MAKR-CS-2	23.03.2026 13:20 hrs

उपरोक्त सभी निविदाओं की ऑक्शन प्रारंभ होने की तिथि एवं समय: 23.03.2026 11:00 hrs. संभावित बोली दाताओं से अनुरोध है कि वे IREPS वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर E-Auction Leasing मॉडयूल देखें। लॉट-बार विवरण उपर्युक्त कैटलॉग के तहत उपलब्ध हैं। ई-बोली सुचना मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है।

हस्ता.
कृते मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

कार्यालय राजस्व निरीक्षक रा.नि.मं. 03 बैरागढ़ चीचली तहसील कोलार जिला भोपाल (म.प्र.)
प्रकरण क्र. 0544/अ-12/2025-26
ग्राम का नाम: गेंहूखेड़ा
प.ह.नं. 10, तहसील कोलार, जिला भोपाल

सूचना पत्र

प्रति, 1. श्रीमति बीना बेदी पत्नि श्री वीरेन्द्र बेदी, खातेदार-ग्राम-गेंहूखेडा तहसील कोलार जिला भोपाल (म.प्र.), 2. श्रीमति विनिता लोहिया पत्नि श्री दिनेश लोहिया, निवासी-201 न्यू सिन्धी कालोनी गेंहूखेडा कोलार भोपाल (म.प्र.), 3. श्री दिनेश लोहिया पुत्र श्री एस.एन. लोहिया, निवासी-8, मालवीय नगर गेंहूखेडा कोलार भोपाल (म.प्र.), 4. श्रीमति सोनीली चन्दानी पत्नि श्री दीपक लाल चन्दानी, निवासी-ईदगाह हिल्स तहसील हुजूर जिला भोपाल (म.प्र.), 5. श्रीमति संध्या साबू पत्नि श्री प्रभात कुमार साबू, निवासी-162 ईदगाह हिल्स जिला भोपाल (म.प्र.), 6. ग्रीन पार्क बिल्डर्स एडं प्रमोटर्स प्रा.लि. द्वारा श्री एस.सी. वाधवा पिता श्री मोहनलाल, खातेदार-ग्राम-गेंहूखेडा तहसील कोलार जिला भोपाल (म.प्र.), 7. सर्व साधारण एवं अन्य हितबद्ध पक्षकारगण।
एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अमर पुत्र श्री अवतार सिंह चावला निवासी-खातेदार-ग्राम-गेंहूखेडा तहसील कोलार जिला भोपाल (म.प्र.) द्वारा ग्राम गेंहूखेडा प.ह.नं. 10 तहसील कोलार जिला भोपाल स्थित भूमि खसरा क्रमांक 540/152 रकबा 0.1400 हे. कुल खसरा नंबर 01 कुल रकबा 0.1400 हे. भूमि का सीमांकन हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदक द्वारा आवेदित उक्त भूमि का सीमांकन मेरे द्वारा दिनांक 09.03.2026 को समय दोप. 03.00 बजे स्थल पर किया जावेगा। पड़ोसी खातेदार होने के कारण एवं उक्त सीमांकन से कोई आपत्ति हो तो नियत दिनांक एवं समय पर स्थल पर भूमि के स्वत्व संबंधी एवं आनुषांगिक दस्तावेज सहित उपस्थित रहकर अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते है। अनुपस्थिति की दशा में सीमांकन कार्य रोका नहीं जावेगा। बाद प्रस्तुत आपति विचार योग्य नहीं होगी। अत्यावश्यक शासकीय कार्य होने की स्थिति में सीमांकन की दिनांक में परिवर्तन किया जा सकता है। पड़ोसी भूमिस्वामी का पता स्पष्ट न होने से आवेदक स्वयं के व्यय पर उक्त सूचना पत्र का प्रकाशन दैनिक समाचार पत्र में कराया जा सकता है। आज दिनांक 02.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

राजस्व निरीक्षक
बैरागढ़ चीचली तहसील कोलार जिला भोपाल (म.प्र.)
3884

In The Court of Judicial Magistrate Senior Division Judge Umaria M.P.
Presiding Officer Aashish Dhurwe
संलग्न नोटिस प्रकाशन हेतु
MJC-R/163/2023
हीना सोनी **विरूद्ध** राहुल सोनी वगैरह
प्रो.क्र. 128/26
पेशी दिनांक 26.03.2026
प्रेषिति- प्रीति सोनी पति विवेक सोनी निवासी आवासीय परिसर एच.-1 वाल्मी कलियासोत कोलार रोड पी.आई.यू. विभाग में कार्यरत, भोपाल, जिला-भोपाल म.प्र.। **यह कि** आवेदिका हीना सोनी ने आपके विरूद्ध घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005 की धारा 12 के तहत् आवेदन प्रस्तुत किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर आवेदन पत्र का उत्तर देने के लिये उपसंजात हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस आवेदन में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 25.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
कृपया ध्यान दें: यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जाएगा।

आशीष धुर्वे न्यायाधीश
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी उमरिया
जिला-उमरिया म.प्र.
3883

आम सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा श्री चुन्नीलाल पुत्र श्री मुंशीलाल, आयु-वयस्क, निवासी: 17, मुनीरगढ़, उमरावगंज, गोहरगंज, जिला रायसेन, म.प्र. 464551, के निवासी से उनके स्वत्व और अधिपत्य की एक क्रिता कृषि भूमि जो खसरा क्रमांक 115 (एस), रकबा 0.3640 हेक्टेयर, ग्राम मुनीरगढ़, पटवारी हल्का नम्बर बेगमपुरा तहसील गोहरगंज, जिला रायसेन, मध्य प्रदेश में स्थित हैं जिसमें 25 डिसमिल भूमि जो कि विक्रय किया जा रहा है, जिसमें से 12.5 डिसमिल भूमि दिव्यांश तिवारी के नाम एवं 12.5 डिसमिल भूमि अजीत तिवारी के नाम पर विक्रय किया जा रहा है। को मेरे पक्षकार के द्वारा क्रय करने के संबंध में एक आवंटन पत्र का निष्पादन किया गया हैं। उक्त संपत्ति का मेरे पक्षकार के पक्ष में विक्रय विलेख के पंजीयन का निष्पादन होने शेष है। उपरोक्त संव्यवहार के संबंध में यदि किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, वित्तीय संस्था, शासकीय/अर्ध शासकीय प्राधिकारी आदि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त दुकान कही दान, बंधक, गिरवी, हस्तांतरण, विक्रय, अनुबंध इत्यादि हो तो वह व्यक्ति अथवा संस्था इस सूचना प्रकाशन के 07 दिन के अंदर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेजी प्रमाणों के मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें उपरोक्त अवधि के पश्चात् मेरा पक्षकार उक्त दुकान का पंजीयन अपने पक्ष में निष्पादित करवा लेगा तथा उपरोक्त अवधि के पश्चात् प्रस्तुत किसी भी प्रकार की अपत्ति मान्य न हो कर शून्य और प्रभावहीन होगी और मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी।

DIVYA DWIDEDI, Advocate
Add.-H. No. B-2, Girnar Hills
Near BDA Colony Awadhpuri,
Bhopal - 462022 (M.P.)
M.-8718810524, 7987051132
3882

सूडोकु नवताल- 7712

★☆☆☆☆ सरल

3	9			1	4			2
1	2		6		3		5	
		5		8	7			9
	7			6	9			8
2	1			5			4	6
4			3	2			9	
9			8	4		5		
	6		9		5		2	4
8			1	7			6	3

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7711 का हल

6	9	2	3	7	4	5	8	1
3	8	5	6	2	1	7	4	9
7	4	1	8	9	5	6	2	3
2	3	9	5	4	6	8	1	7
1	7	4	9	8	3	2	6	5
5	6	8	7	1	2	9	3	4
4	5	7	1	6	8	3	9	2
8	2	3	4	5	9	1	7	6
9	1	6	2	3	7	4	5	8

काकुरो पहेली - 7385



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



काकुरो - 7384 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्द पहेली - 8782



बाएँ से दाएँ

1. ध्वज, पताका-2
4. वहम, संदेह-2
6. दलहन-2
7. खाली, रिक्त-2
9. रसूल, अल्लाह-3
12. अभिनेत्री मुनमुन सेन की पुत्री का सिर्फ नाम-3
14. सिवाय, बगैर-3
16. इराक की राजधानी-4
17. समधी की पत्नी-4
18. पीसना, महीन करना-3
20. उष्ण, गर्म-3
22. उत्तम, विष्णु अवतार-3
24. परत, तह-2
26. खेती-2
27. अधर, होठ-2
28. ताऊ की पत्नी, बड़ी मां-2

ऊपर से नीचे

1. जल प्रपात-3
2. आईल-2
3. हूर, अप्सरा-2
5. सूक्ति, वाणी, शबद-3
6. पिता के पिता-2
8. स्टार, सितारा-2
10. रौनक, सुंदर, मनोहारी-5
11. शीतलता, मुठभेड़-2
13. सतरंगा, शंकर धनुष-5
14. सिर्फ एक, एकमात्र-3
15. हवस, कामेच्छा-3
19. लाख-2
20. जहर, विष-3
21. आनंदित, मनमौजी-2
22. मुनि, साधू-2
23. अच्छाई, सदशयता-3
25. सुरक्षा-2
26. कीड़ा, कीट-2

शब्द पहेली -8781 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore

फिल्म वर्ग पहेली- 7209



बायें से दायें:-

१. मनोजकुमार, हेमा की 'बाली उमरिया भजन करू कैसे' गीत वाली फिल्म-३
३. 'दिल तुझपे फिदा' गीत वाली सैफअली खान, काजोल की फिल्म-३
५. संजयदत्त, शरदकपूर, मनीषा, रवीना की 'ओ गोरी तू चली कहां' गीत वाली फिल्म-२
७. 'लकड़ी की काठी' गीत वाली नसीरू द्दीनशाह, शबाना की फिल्म-३
९. जीतेंद्र, परवीन बाबी की रविकांत निर्देशित एक एक्शन फिल्म-२
११. 'दीवाना तो कह दिया' गीत वाली विकास भल्ला, सुमीत सहगल, नीलम की फिल्म-२
१३. अजय देवगन, जूही चावला की 'लाल लाल होठों पें' गीत वाली फिल्म-४
१५. बोनीकपूर की फिल्म 'रूप की रानी चोरों का राजा' की नायिका थी-३
१६. अमिताभ, वहीदा, जीनत, परवीन की 'हर गोरी रानी यहां' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'बाबूजी जरा धीरे' गीत वाली विवेक ओबेराय, दीया मिर्जा की फिल्म-२
२१. अनिल कपूर, माधुरी की 'तू अपने दिल पे मेरा' गीत वाली फिल्म-४
२३. फिल्म 'कोशिश' में संजीवकुमार के साथ नायिका कौन थी-२
२४. फिल्म 'दिलजला' में जैकी श्रॉफ के साथ नायिका कौन थी-३
२५. 'क्या यही प्यार है' गीत वाली संजयदत्त, टीना मुनीम की फिल्म-२
२६. धर्मेन्द्र, हेमा मालिनी की 'जलता है बदन' गीत वाली फिल्म-३,३
२९. फिल्म 'जीवन मृत्यु' में धर्मेन्द्र के साथ नायिका कौन थी-२
३०. फिल्म 'पहला पहला प्यार' में ऋषिकपूर, के साथ नायिका थी-२

ऊपर से नीचे:-

१. जैकीश्रॉफ, रवीना टंडन की फिल्म-२
२. 'तू प्यार का सागर है' गीत वाली फिल्म-२
३. 'कागज कलम दवात ला' गीत वाली अमिताभ, गोविंदा, रजनीकांत की फिल्म-२
४. जीतेंद्र, रामेश्वरी, सारिका की फिल्म-३
६. 'हम तो तेरे आशिक हैं' गीत वाली फिल्म-२
८. मिथुन, आयशा जुल्फा की 'थोड़ा इंतजार का मजा' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'ये हसीं वादियां' गीत वाली फिल्म-२
११. राजेश खन्ना, टीना मुनीम की 'जिंदगी प्यार का गीत है, गीत वाली फिल्म-३
१२. 'तिरछी टोपी वाले' गीत वाली फिल्म-३
१३. सुमीत सहगल, शिखा स्वरूप की 'पीछे पीछे आजा मेरी' गीत वाली फिल्म-४
१४. 'गर तुम भुला न दोगे' गीत वाली धर्मेन्द्र शर्मिला टैगोर की फिल्म-३
१६. 'हवा में क्या है' गीत वाली फिल्म-३
१७. 'परदेसी तो हैं परदेसी' गीत वाली जीतेंद्र, रणधीर, राकेश रोशन, रेखा की फिल्म-३
२०. देव आनंद, माला सिन्हा की 'कोई सोने के दिलवाला' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'हमारी ही मुट्ठी में' गीत वाली नाना पाटेकर, डिम्पल कपाड़िया की फिल्म-३
२२. अमिताभ, परवीन, आशापारेख कीफिल्म-३
२३. 'क्या मोहब्बत है' गीत वाली फिल्म-४
२४. शशिकपूर, शबाना आजमी की फिल्म-३
२७. 'मेरे ख्वाबों का' गीत वाली जॉन अब्राहम, बिपाशा बसु की फिल्म-२
२८. लक्की अली, गौरी कार्णिक की 'खोया है तूने जो' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 7208

खा	मो	शी		आ	प	की	क	स	म
की		शा	दी		ड़ो		भी		स्त
	आ		वा	प	स		ना		
प	ह	चा	न		न	या	क	द	म
रा			गी	ता			भी		ड
या	रा	ना		ज	मा	ना		स	र
ध		य	ति	म			रा	नी	
न	म	क		ह	म	रा	ज		फ
	र्या			ल		जे			रा
अ	दा	ल	त		इं	द्र	कु	मा	र

Jagrutidaur.com, Bangalore

अष्टयोग- 7318

4			6		5	7
2	31	7	31	4	28	
	5	3		1		
5	37	6	33		29	3
	3		4			1
	29	5	32		40	
1		4	3	2	7	

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 7317 का हल

7	2	1	6	3	5	4
2	31	7	31	4	28	2
4	5	3	6	1	2	7
3	27	6	33	6	39	5
1	3	2	4	5	7	6
5	31	5	32	7	38	3
6	5	4	3	2	7	1

Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्दजाल - 8318

क	र्म	मे	रि	दु	ला	रा	ल	क	लं	क
बू	खु	क	दू	इं	जी	क	शि	या	ड़	नी
त	पी	जा	ल्हे	र	ग	बा	ल	ह	प	ल
र	ग	ए	रा	जा	बा	बू	ल	यु	लि	प्रे
व	र	रा	जा	जी	क	ला	कि	यो	ग	म
ल	इ	वि	मो	ग	प	ला	शी	ह	गी	श
न	अ	ल	रा	व	मा	जो	ई	व	प	क्ति
क	रि	ल	र	क	र	ह	त्या	ल	वि	क
र	क	ल	श	रा	न	ज	जी	शा	जू	म
र	ग	ल	नो	मा	व	शि	का	री	टि	जो
बां	क	र	तू	त	च	ले	स	क	म	र

शब्दजाल में 'क' से शुरु होने वाले दस शब्द ढूंढिए. दिये गए शब्द उपर से नीचे व तिरछे हो सकते हैं.

कबूतर, कमजोर, कलयुग, कलंक, कलश, कलाई, करामात, करतूत, कर्म, कमर

शब्दजाल - 8317 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore